डॉ. सुमन खंडेलवाल
अधिष्ठाता

# कृषि महाविद्यालय

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर)
नौगावां, अलवर–301025 (राजस्थान)
ई. मेलः dean.coanavgaon@sknau.ac.in
मोबाइल नं.: 9414774474

क्रमांकः एफ. ( )/प्रक्षेत्र भंडार/कृ.महा.वि.नौगावां/2026/**329** दिनांकः **29.07.2026**

## इजारे (लीज) पर खेती हेतु खुली बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, नौगावां के मानकी ग्राम स्थित प्रक्षेत्र पर रबी 2026–27 के दौरान लगभग 8.0 हेक्टेयर क्षेत्रफल में इजारे पर खेती के लिए खुली बोली का आयोजन दिनांकः 07 अगस्त, 2026 को सुबह 11:30 बजे महाविद्यालय कार्यालय में किया जायेगा। इच्छुक बोली दाता महाविद्यालय प्रक्षेत्र का निरीक्षण बोली लगाने से पूर्व कर सकते है। बोली लगाने हेतु 8000 रूपये की धरोहर राशि नगद जमा करानी होगी।

**NIB: SKN2627A0141, UBN: SKN2627WSOB00161**

नियम एवं शर्तें :–

1. बोली लगाने का हकदार वही व्यक्ति होगा जो कि धरोहर राशि जमा करायेगा।
2. अन्तिम बोली दाता को समिति द्वारा छोडी गई अन्तिम रकम की आधी राशि का भुगतान तुरन्त प्रभाव से जमा कराना होगा एवं शेष राशि का भुगतान फसल कटाई से पूर्व करना होगा अन्यथा फसल कटाई नहीं करने दी जायेगी
3. सफल बोलीदाता को छोड़कर अन्य बोलीदाताओं की धरोहर राशि बोली समाप्ति पर वापस कर दी जायेगी।
4. सफल बोलीदाता की धरोहर राशि कार्य समाप्ति के बाद ही वापस की जायेगी।
5. इजारे पर खेती के लिए जमीन केवल रबी 2026–27 के लिए ही दी जायेगी।
6. खेती के लिए आवश्यक आदान जैसे– बीज, खाद, दवाईयाँ इत्यादि, जुताई हेतु ट्रेक्टर, मजदूर आदि सब कुछ स्वयं अपने स्तर पर स्वयं के खर्चे से जुटाने होंगे। महाविद्यालय से किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दी जायेगी।
7. महाविद्यालय प्रक्षेत्र पर सिंचाई का कोई भी श्रोत नहीं है अतः बोलीदाता को स्वयं के स्तर पर सिंचाई जल का प्रबंध करना होगा।
8. फसलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सफल बोलीदाता की स्वयं की होगी।
9. प्रक्षेत्र की चार दिवारी एवं अन्य संपति की सुरक्षा की जिम्मेदारी सफल बोलीदाता की होगी।
10. सफल बोलीदाता का अगर किसी के साथ कोई भी विवाद होता है तो उसका निपटारा उसे स्वयं करना होगा।
11. अन्तिम बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

Suman
अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर निवेदन है कि निविदा के दिन अपना प्रतिनिधि भेजने का श्रम करें।
2. श्रीमान प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. संयोजक एवं समस्त सदस्य, निविदा एवं क्रय समिति, कृषि महाविद्यालय, नौगावां।
4. सूचना–पट्ट पंचायत समिति/तहसील कार्यालय/ग्राम पंचायत, नौगावां, चौमा, बीजवा, मोहम्मदपुर।
5. निविदा/रक्षित पत्रावली।

Suman
अधिष्ठाता